Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 204 ▫ रायपुर, सोमवार 18 अगस्त 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाएगा विपक्ष



■ चुनाव आयोग से आरपार के मूड में राहुल गांधी
■ एसआईआर-'वोट चोरी' पर लड़ाई और गरमाई

**नई दिल्ली,** 18 अगस्त (न्यूज चैनल)। वोटर वेरिफिकेशन और वोट चोरी को लेकर चुनाव आयोग और राहुल गांधी के बीच लड़ाई और तेज हो गई है। विपक्ष मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव ला सकता है। सूत्रों के मुताबिक, कई विपक्षी दल इस बात पर मंथन कर रहे हैं। इसके साथ ही इंडिया गठबंधन के नेता सोमवार (18 अगस्त) शाम को उपराष्ट्रपति उम्मीदवार को लेकर भी चर्चा कर सकते हैं।

कांग्रेस सांसद सैयद नासिर हुसैन ने मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने की संभावना पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि इस विषय पर पार्टी के भीतर अभी तक कोई विचार-विमर्श नहीं हुआ है, लेकिन यदि जरूरत पड़ी तो नियमों के अनुसार कांग्रेस महाभियोग प्रस्ताव ला सकती है। बता दें कि कांग्रेस समेत पूरे विपक्ष ने बिहार में स्ढ्ढक्र का विरोध कर रही है। वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी और चुनाव आयोग पर मिलीभगत के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा था कि बीजेपी वोट चोर कर रही है और इसमें चुनाव आयोग उसका साथ दे रहा है। यह मामला और ज्यादा बढ़ने वाला है। विपक्ष मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रहा है। इसे लेकर मीटिंग जरूरी हुई है, लेकिन अंतिम फैसला बाकी है।

राहुल गांधी और विपक्ष के आरोपों पर भारतीय चुनाव आयोग ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर साफ कहा कि उस पर लगाए जा रहे 'वोट चोरी' जैसे झूठे आरोपों से न तो आयोग डरता है और न ही मतदाता। आयोग ने लोगों से अपील की कि वे संविधान में मिले अधिकार का इस्तेमाल करते हुए हर हाल में मतदान करें। साथ ही कहा कि राजनीतिक दलों का पंजीकरण चुनाव आयोग ही करता है और उसकी नजर में न कोई पक्ष है, न विपक्ष है, सभी समकक्ष हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि ऐसे झूठे आरोपों का असर न आयोग पर होगा, न ही मतदाताओं पर। चुनाव आयोग निडर होकर और निष्पक्षता से काम करता रहेगा। उन्होंने दोहराया कि आयोग का काम राजनीति करने वालों से प्रभावित हुए बिना सभी मतदाताओं के लिए समान अवसर सुनिश्चित करना है। वोटर लिस्ट में गड़बड़ी को लेकर विपक्ष के आरोपों पर सख्त रुख अपनाते हुए आयोग ने जानकारी दी कि अब तक 28,370 मतदाता अपने दावे और आपत्तियां दर्ज करा चुके हैं। इसके लिए समयसीमा 1 अगस्त से 1 सितंबर तक तय की गई है। बिहार में एसआईआर के दौरान वोटर लिस्ट से करीब 65 लाख लोगों के नाम काट दिए गए थे। इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट चुनाव आयोग को आदेश दिया था कि सभी नामों को सार्वजनिक किया जाए। चुनाव आयोग ने आदेश के मुताबिक सभी नामों को वेबसाइट पर अपलोड कर दिए थे।

## विपक्ष के हंगामे के बीच 'जन विश्वास' विधेयक प्रवर समिति के हवाले

**नई दिल्ली,** 18 अगस्त (न्यूज चैनल)। जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) विधेयक, 2025 को सोमवार को विस्तृत विचार-विमर्श के लिए लोकसभा की प्रवर समिति को सौंप दिया गया। सभापति पद पर आसीन भाजपा सदस्य संध्या रे ने संसदीय पत्रों को सदन के पटल पर रखने और जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) विधेयक तथा भारतीय प्रबंधन संस्थान (संशोधन) विधेयक को प्रस्तुत करने की अनुमति दी। हंगामे के बीच ही लोकसभा ने जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) विधेयक को प्रवर समिति को सौंपने का प्रस्ताव भी पारित कर दिया। इससे पहले विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यह विधेयक पेश किया। विधेयक में जीवन की सुगमता और कारोबार करने की सुगमता के लिए विश्वास आधारित शासन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कुछ अपराधों को अपराध की श्रेणी से बाहर रखने और तर्कसंगत बनाने के लिए कुछ विधानों का संशोधन करने का प्रावधान है। विधेयक पेश करने के बाद गोयल ने इसे लोकसभा की प्रवर समिति को भेजने का प्रस्ताव रखा जिसे सदन ने ध्वनिमत से पारित कर दिया। समिति से संबंधित नियम और शर्तें लोकसभा अध्यक्ष तय करेंगे।




## नक्सलियों ने किया आईईडी ब्लास्ट डीआरजी का एक जवान शहीद



**बीजापुर,** 18 अगस्त (हाईवे चैनल)। बीजापुर जिले से एक बड़ी खबर निकलकर सामने आ रही है। यहां नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी बम में ब्लास्ट हो गया है। आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से 3 जवान घायल हुए हैं। घायल जवानों को इलाज के लिए भोपालपटनम ले जाया जा रहा है। वहीं आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से एक जवान शहीद हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार, यह पूरा मामला बीजापुर जिले के उसूर इलाके का है। यहां भोपालपटनम इलाके के उल्लूर के जंगल में डीआरजी के जवान सर्चिंग पर निकले थे। इसी दौरान वहां नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी बम में ब्लास्ट हो गया। इस ब्लास्ट की चपेट में आने से डीआरजी के तीन जवान घायल हो गए हैं। घायलों को इलाज के लिए भोपालपटनम अस्पताल ले जाया जा रहा है। इस घटना में डीआरजी का एक जवान शहीद हो गया है। बाकी अन्य का इलाज जारी है।

## थाने से भागा दुष्कर्म का आरोपी 2 आरक्षकों को किया बर्खास्त

बिलासपुर, 18 अगस्त (हाईवे चैनल)। न्यायधानी बिलासपुर के कोनी थाने से बलात्कार का आरोपी फरार होने के मामले में एसएसपी रजनेश सिंह ने कड़ा एक्शन लिया है. ड्यूटी के दौरान लापरवाही बरतने पर आरक्षक शंकर जगत और प्रदीप पाव को सस्पेंड कर दिया गया है। आपको बता दें कि सरकंडा क्षेत्र के मोपका गार्डन सिटी निवासी स्वरित सिंह को गुरुवार को कोनी पुलिस ने नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार किया था. शुक्रवार सुबह लगभग 4 बजे स्वरित सिंह ने हथकड़ी खिसकाकर पुलिसकर्मियों को चकमा दे दिया और थाने से भाग निकला. इस घटना के बाद थाने में हड़कंप मच गया। आरोपी के फरार होने की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारियों ने शहर के सभी थानों को सतर्क कर दिया. कोनी थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक बालेश्वर तिवारी की शिकायत पर स्वरित सिंह के खिलाफ एक और मामला दर्ज किया गया है.




## कुख्यात तोमर बंधुओं पर शिकंजा, कुर्क होगी संपत्ति, कोर्ट ने दी मंजूरी



### 18 अगस्त तक पेश होने अल्टीमेटम

**रायपुर,** 18 अगस्त (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में कुख्यात सूदखोर और हिस्ट्रीशीटर तोमर बंधुओं, वीरेंद्र और रोहित तोमर, के खिलाफ रायपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। रायपुर सेशन कोर्ट ने पुलिस की संपत्ति कुर्की की याचिका को स्वीकार कर लिया है और रायपुर कलेक्टर को चार संपत्तियों की कुर्की के लिए प्रतिवेदन भेजा है। कोर्ट ने दोनों भाइयों को 18 अगस्त 2025 तक पेश होने का अंतिम अल्टीमेटम दिया है। यदि वे निर्धारित तारीख तक कोर्ट में हाजिर नहीं होते, तो उनकी संपत्तियों को कुर्क कर लिया जाएगा। पुलिस के मुताबिक, तोमर बंधु पिछले दो महीनों से फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने कई बार छापेमारी की, लेकिन दोनों भाई पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। इसके बाद पुलिस ने कोर्ट में उद्घोषणा की प्रक्रिया शुरू की, जिसकी अंतिम तारीख 18 अगस्त तय की गई है। दोनों आरोपियों पर 5,000-5,000 रुपये का इनाम घोषित किया गया है। सूदखोरी के मामलों में उनकी पत्नियों को पहले ही जेल भेजा जा चुका है।तोमर बंधुओं पर लंबे समय से सूदखोरी, ब्लैकमेलिंग, मारपीट और रंगदारी जैसे गंभीर अपराधों के कई मामले दर्ज हैं। पुरानी बस्ती थाने में उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 308(2), 111(1) और छत्तीसगढ़ ऋणियों संरक्षण अधिनियम की धारा 04 के तहत केस दर्ज हैं। पुलिस ने उनके ठिकानों की तलाशी के दौरान एक रिवॉल्वर, एक पिस्टल, पांच तलवारें, जिंदा और आवाजी कारतूस सहित अवैध हथियार बरामद किए थे। इसके अलावा, 35 लाख से अधिक नकद राशि, 734 ग्राम सोना, 125 ग्राम चांदी, बीएमडब्ल्यू, थार, ब्रेजा जैसी लग्जरी गाड़ियां, और जमीन की रजिस्ट्री जैसे दस्तावेज भी जब्त किए गए।

## 13 साल के बच्चे पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला, मरने का नाटक कर बचाई जान

**बिलासपुर,** 18 अगस्त (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां 13 साल के मासूम पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया गया। घटना में बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया, लेकिन अपनी सूझबूझ से उसने अपनी जान बचा ली। बच्चे को गंभीर हालत में सिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि बच्चे के ही परिचित मामा ने उस पर हमला किया, लेकिन आरोपी मामा की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पोलइ मामले की जांच में जुटी हुई है। घटना मस्तूरी थाना क्षेत्र के गतौरा के बटाहि पुल के पास हुई। जानकारी के अनुसार, लिमतारा निवासी बच्चा दोपहर में अपने दोस्त के साथ खेल रहा था। तभी परिचित का कोई मामा वहां आया और चॉकलेट देने के बहाने उसे बुलाकर अपने साथ मोटरसाइकिल पर बैठकर ले गया और चाकू से हमला कर दिया। घटना में गंभीर रूप से घायल बच्चे ने तुरंत मरने का नाटक किया, जिससे आरोपी उसे मरा समझकर वहां झाड़ियों में फेंक कर फरार हो गया।

